# संभव के तहत नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई, पेयजल आपूर्ति बढ़ाने के दिए आदेश

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)**। नगर निगम मुख्यालय पर संभव के तहत हुई जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए निर्देश दिए। संभव के अंतर्गत 19 समस्याएं प्राप्त हुई। निर्माण विभाग से 10, स्वास्थ्य विभाग से 3, जलकल विभाग की 4, पार्किंग संबंधित 1 और प्रकाश संबंधित 1 समस्या प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त जलकल संबंधित समस्याओं पर नगर आयुक्त ने महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए और मौके पर टीम भेज कर कार्यवाही कराई गई। विजयनगर जोन और सिटी जोन से नलकूप मरम्मत व मोटर की मरम्मत को लेकर पेयजल की समस्याएं सामने आई। आयुक्त ने संबंधित अवर अभियंता और अधिशासी अभियंता जल को समस्या बताते हुए तत्काल उसका निस्तारण करवाया। वहीं आयुक्त ने निर्देश दिया कि शहर के सभी वार्डों में जलकल विभाग की टीम स्वयं निरीक्षण करते हुए पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करें।



पेयजल आपूर्ति नगर निगम की प्राथमिकता है और किसी प्रकार की लापरवाही जलापूर्ति में बर्दाश्त नहीं होगी। हर घर को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के रूप में कार्य किया जाए। अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त समस्याओं पर भी कार्यवाही कराई गई। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, डॉ. अनुज प्रभारी उद्यान, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, एसपी मिश्रा निर्माण विभाग से उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्यों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)**। डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनगणना-2027 के अंतर्गत गाजियाबाद में संचालित आगामी चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक निर्धारित 30 दिवसीय अवधि में संपादित किया जाना है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को प्रगणक ब्लॉक आवंटित किए जा चुके हैं तथा 22 मई 2026 से उनके आवंटित क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ हो चुका है। कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम



से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे तत्काल शत-प्रतिशत कार्य प्रारंभ कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले अथवा अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के विरुद्ध जनगणना अधिनियम-1948 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य में नियुक्त सभी अधिकारी एवं कार्मिक जनगणना अधिनियम-1948 की धारा-4 एवं 11 के अंतर्गत लोक सेवक हैं तथा जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करना उनका वैधानिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही, कर्तव्य से इंकार अथवा शिथिलता दंडनीय अपराध है, जिसके लिए एक हजार रुपये तक का जुमार्ना तथा दोष सिद्ध होने की स्थिति में तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। बैठक में अंजनी कुमार सिंह, जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) सहित समस्त चार्ज अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना ड्यूटी न लेने वाले प्रागणकों पर होगी एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)**। जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ग्रेटर नोएडा के चार्ज अधिकारी एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने चेतावनी दी है कि जिन कर्मचारियों एवं प्रागणकों (एन्यूमरेटर) की जनगणना में ड्यूटी लगाई गई है, वे बुधवार शाम तक अपनी ड्यूटी हर हाल में रिसीव कर लें। ऐसा न करने वालों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

चार्ज अधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य में लगाए गए सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और उन्हें 20 जून तक जनगणना का कार्य पूर्ण करना है। इसके बावजूद कई कर्मचारी अब तक कार्य शुरू नहीं कर पाए हैं। ऐसे कर्मचारियों को अंतिम अवसर देते हुए बुधवार शाम तक का समय दिया गया है।

उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन से भी अपील की कि जनगणना कार्य में




लगे कर्मचारियों को पूरा सहयोग दिया जाए और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न की जाए। अन्यथा संबंधित संस्थानों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि यदि किसी नागरिक को अपने क्षेत्र के प्रागणक से संपर्क नहीं हो पा रहा है तो वह अपने क्षेत्र के वर्क सर्किल प्रभारी, प्रबंधक, सहायक प्रबंधक या सुपरवाइजर से संपर्क कर सकता है। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ एवं जनगणना के नोडल अधिकारी सुमित यादव ने आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को सेक्टरों और सोसायटियों में प्रवेश करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के पहचान पत्र और ड्यूटी पत्र का परीक्षण कर उन्हें प्रवेश दिया जाए। नोडल अधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए नागरिकों से अपील की कि यदि जनगणना कर्मियों को नींबू पानी या जलपान की आवश्यकता हो तो उन्हें उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य देशहित और जनहित से जुड़ा हुआ है तथा इसके सफल संचालन के लिए जनसहयोग बेहद आवश्यक है।

## साहिबाबाद में गरजा जीडीए का बुल्डोजर: अवैध निर्माण जमींदोज, बिना नक्शा पास चल रही कमर्शियल बिल्डिंग पर ठोकी सील

**आरव शर्मा**
**गाजियाबाद (शिखर समाचार)**। शहर में अवैध निर्माण और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का कड़ा प्रहार लगातार जारी है। अवैध कॉलोनियों और मानकों के विपरीत हुए निर्माण पर लगाम कसने के लिए जीडीए उपाध्यक्ष के सख्त निर्देशों पर मंगलवार को प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने साहिबाबाद इलाके में बड़ा अभियान चलाया। इस कार्रवाई के तहत श्याम पार्क मेन क्षेत्र में एक भूखंड पर बनाए गए अतिरिक्त तल को जमींदोज कर दिया गया, जबकि एक अन्य भूखंड पर अवैध रूप से चल रही व्यावसायिक गतिविधि को सील कर दिया गया। जीडीए के इस कड़े एक्शन से क्षेत्र के भूमाफियाओं और अवैध निर्माणकताओं में भारी हड़कंप मचा हुआ है।


प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 मई 2026 को प्रवर्तन जोन-7 के प्रभारी के नेतृत्व में प्राधिकरण की



टीम ने साहिबाबाद के श्याम पार्क मेन स्थित भूखंड संख्या-7 पर दबिश दी। यहां नियमों को ताक पर रखकर अतिरिक्त तल का अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसे टीम ने मौके पर ही ध्वस्त कर दिया। इसके ठीक बाद, श्याम पार्क मेन में ही स्थित भूखंड संख्या-8 पर भी कार्रवाई की गई। इस भूखंड पर बिना नक्शा पास कराए न केवल अवैध निर्माण किया गया था, बल्कि वहां खुलेआम व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन भी किया जा रहा था। जीडीए की टीम ने त्वरित कदम उठाते हुए इस पूरे परिसर को तुरंत प्रभाव से सील कर दिया।

इस सघन अभियान के दौरान किसी भी प्रकार के हंगामे या विरोध से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। ध्वस्तीकरण और सीलिंग की इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त स्टाफ के साथ-साथ प्राधिकरण का पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता पूरी तरह मुस्तैद रहा। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शहर में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। बिना लेआउट पास कराए या मानकों के विपरीत हुए निर्माण पर प्राधिकरण का यह 'जीरो टॉलरेंस' अभियान आगामी महीनों में भी इसी सख्ती के साथ लगातार जारी रहेगा।

## नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा, नाला सफाई समय से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश



**बिजनौर (शिखर समाचार)**। नगरीय निकायों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन श्रीमती अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गजेटियर से संबंधित सूचनाएं एवं अभिलेख आवश्यक जानकारी और तथ्यात्मक रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

एडीएम प्रशासन ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाई जाए तथा नगर निकायों की आय बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी नगर निकायों में चल रहे नाला सफाई अभियान की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए नाला सफाई कार्य में तेजी लाई जाए और निर्धारित समय सीमा से पूर्व सभी सफाई कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि जलभराव जैसी समस्याओं से आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने नगर क्षेत्रों में मच्छरों एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से स्मोक गन चलाने के भी निर्देश दिए। बैठक में निराश्रित गोवंश, स्ट्रीट डॉग तथा पीएम स्वनिधि योजना की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर सभी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच दिन बाद खत्म हुई पालिका कर्मचारियों की हड़ताल, एडीएम के आश्वासन पर लौटे काम पर

**शामली। (शिखर समाचार)**। नगर पालिका कर्मचारियों की पांच दिनों से चल रही हड़ताल मंगलवार देर शाम एडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हो गई। हड़ताल खत्म होते ही शहर में साफ-सफाई व्यवस्था दोबारा सुचारू कर दी गई, जिससे लोगों को गंदगी और जलभराव की समस्या से राहत मिली।

नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पिछले पांच दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए थे और नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा था। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के प्रमुख बाजार गांधी चौक, नया बाजार, बड़ा बाजार, कबाड़ी बाजार सहित मोहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, रेलपार, आजाद चौक और कई अन्य इलाकों में कूड़ा जमा होने से स्थिति गंभीर हो गई थी।

स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ एवं



उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में पहले कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया था। मांगें पूरी न होने पर सोमवार से दोनों यूनियनों के आह्वान पर कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। पहले दौर की वार्ता पालिका चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी के बीच हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। मंगलवार को भी हड़ताल जारी रहने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई। कई स्थानों पर कूड़ा नालियों में भर जाने से जल निकासी बाधित हो गई और गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को देखते हुए भी सफाई व्यवस्था को लेकर संकट गहराने लगा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एडीएम सत्येंद्र सिंह, सीओ सिटी जितेंद्र कुमार और अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी कर्मचारियों के बीच पहुंचे। इस दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका के बढ़ते क्षेत्रफल को देखते हुए 100 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की मांग रखी। साथ ही डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन प्रदान करने तथा संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग भी उठाई।

एडीएम ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को जिम्मेदारी सौंपते हुए आगामी दस दिनों में समस्याओं के समाधान की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर कार्य पर लौटने का निर्णय लिया।

इस दौरान यूनियन अध्यक्ष अमित तेश्वर, महासचिव विनोद निर्वाल, प्रवीण कुमार वाल्मीकि, अश्वनी तेश्वर, राजन पाहिवाल, जितेंद्र टांक, धर्मेंद्र झंझोट, जोगेश पाहिवाल, जितेंद्र चंद्रा, दीपक चंद्रा, सचिन तेश्वर और संजय बिड़ला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में सनातन मंदिर की ओर से लगाया गया शरबत सेवा शिविर, लोगों को मिली गर्मी से राहत



**बिजनौर (शिखर समाचार)**। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सनातन मंदिर शक्ति नगर साईं विहार की ओर से कॉलोनी के मुख्य द्वार के बाहर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत वितरित किया गया। सेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शरबत ग्रहण किया। इन दिनों तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। सुबह से ही गर्मी का असर शुरू हो जाता है और दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में राहगीरों, मजदूरों और बाहर निकलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते कुछ कदम चलते ही गला सूखने लगता है तथा कई बार लोगों को चक्कर आने जैसी स्थिति भी पैदा हो जाती है। इसी को देखते हुए मंदिर समिति एवं कॉलोनीवासियों द्वारा सेवा भाव के साथ ठंडे मीठे शरबत का वितरण किया गया। सेवा शिविर में राहगीरों को रुक-रुक कर शरबत पिलाया गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत महसूस हुई। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। इस दौरान आभा सोलंकी, पूनम कर्णवाल, रितिका गर्ग, अंशुल गर्ग, राजेंद्र सोलंकी, अनुपम गर्ग, हर्षित अग्रवाल, संजय गुर्जर, गौरव चौहान, कपिल कुमार, हिमांशु सेमवाल, अरुण कुमार और राहुल आदि मौजूद रहे।

## उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया व्यापारी शहीद दिवस, दी श्रद्धांजलि



**मुरादनगर (शिखर समाचार)**। उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मंगलवार को व्यापारी आंदोलनों में शहीद हुए व्यापारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर व्यापारी शहीद दिवस मनाया गया। नगर अध्यक्ष शहजाद चौधरी ने बताया कि 26 मई 1979 को लखनऊ के अमीनाबाद में बिक्रीकर विभाग के सर्वे और छापेमारी के विरोध में व्यापारी आंदोलन चल रहा था। आंदोलन के दौरान तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 25 वर्षीय युवा व्यापारी हरीश चंद्र अग्रवाल पुलिस गोलीबारी में शहीद हो गए थे। तभी से प्रत्येक वर्ष 26 मई को व्यापारी शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल उन सभी व्यापारियों के संघर्ष, बलिदान और व्यापारी एकता व अधिकारों की लड़ाई में दिए गए योगदान को नमन करता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। मंडल कार्यालय पर उपस्थित व्यापारियों ने शहीद व्यापारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व्यापारिक सुरक्षा, सम्मान और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राधे किशन अरोड़ा, दमयंती सिंह, अरविंद भारतीय, त्रिवेंद्र गुप्ता, नितिन शर्मा, संजय सिंघल, नितिन गोयल, बुध प्रकाश गोयल, बुध गोपाल गोयल, सुमित गर्ग, जय भगवान सिंघल, सतीश जिंदल, सतीश गोयल, उमेश अरोड़ा, सुनील नागपाल, ललित गोयल, आलोक मित्तल, श्री भगवान, अक्षय सिंघल, यासीन अंसारी, अम्बरीश कुमार, छोटे चौधरी एवं नवीन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन लंगड़ा : इंदिरापुरम पुलिस ने 1 स्नैचर को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)**। थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच आमने-सामने की मुठभेड़ हुई। पुलिस ने मुठभेड़ में स्नैचिंग करने वाले एक अभियुक्त इरशाद को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में इरशाद को गोली लगी और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिन्दा कारतूस, चोरी किये हुए 2 आईफोन और घटना में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल बरामद की। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि नॉर्थ इंडिया मॉल के पीछे पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नोएडा की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक पर सवार होकर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का



इशारा किया तो पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने जब उसका पीछा किया तो वह हड़बड़ा कर गिर गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेना चाहा तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें उसके पैर में गोली लगी है। अभियुक्त की पहचान इरशाद के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ 4 आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में राहगिरों को निशाना बनाकर मोबाइल चोरी कर लेता था। इसके अलावा सुनसान इलाके में खड़ी हुई गाड़ियों का शीशा तोड़कर उसमें से सामान चोरी कर लिया करता था। सामान चोरी करने के बाद उसे दिल्ली बेच दिया करता था।

## 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा बच्चा स्वस्थ, समय पर मिली सेवा बनी वरदान, परिजनों ने की सराहना

**खतौली/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)**। प्रदेश में संचालित 102 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवनरक्षक साबित हुई। एंबुलेंस के भीतर सुरक्षित प्रसव होने के बाद नवजात शिशु की किलकारी से पूरा माहौल खुशियों से भर गया। खतौली क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी भुवनेश्री (21) पत्नी गौरव को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। दर्द बढ़ने पर परिजनों ने तत्काल 102 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही महिला ईएमटी प्रियंका और पायलट अतुल मौके पर पहुंचे तथा महिला को अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ने लगी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट अतुल ने एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। इसके बाद महिला ईएमटी प्रियंका ने बिना समय गंवाए डिलीवरी किट की मदद से



एंबुलेंस के भीतर ही प्रसव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते महिला ने स्वस्थ नवजात शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ बताए गए। प्राथमिक देखभाल देने के बाद उन्हें आगे के उपचार और निगरानी के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने सुरक्षित प्रसव कराकर मां और बच्चे की जान बचाने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा की सराहना की। उन्होंने महिला ईएमटी प्रियंका और पायलट अतुल की तत्परता, समझदारी और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि समय पर मिली सरकारी एंबुलेंस सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं रही। 102 एंबुलेंस सेवा लगातार जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रही है। ऐसे मामलों से आम लोगों का भरोसा इस सेवा पर लगातार मजबूत हो रहा है।

## चार बेटियों की मां प्रेमी संग फरार, घर से तीन लाख नकदी और लाखों के जेवर ले जाने का आरोप



**हापुड़ (शिखर समाचार)**। थाना हापुड़ क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पड़ोस के युवक पर अपनी पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी घर में रखी करीब तीन लाख रुपये की नकदी और लाखों रुपये के जेवरात भी साथ ले गई है। मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर पत्नी की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित अरुण के अनुसार उसकी शादी को 16 वर्ष हो चुके हैं और उसकी चार बेटियां हैं। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसकी पत्नी को अपने प्रेमजाल में फंसाया और सोमवार को उसे घर से साथ ले गया। पीड़ित का दावा है कि जाते समय पत्नी घर में रखी नकदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। मंगलवार को उसने पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह से मुलाकात कर तहरीर सौंपी। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना हापुड़ प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**अदालती सूचना**

सम्मन वास्ते करारबाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी बुढाना, मु0नगर
वाद संख्या T202609550305202 सन 2026
कंवरपाल बनाम सरकार

1. कंवरपाल पुत्र केहरी निवासी ग्राम बडौदा परगना व तहसील बुढाना जिला मु0नगर
................. प्रार्थी / वादी

बनाम

1. अमित कुमार दत्तकपुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम बडौदा परगना व तहसील बुढाना जिला मु0 नगर।
2. प्रिया सिंह पत्नी विजयपाल सिंह निवासी ग्राम बडौदा हाल नि0 खतौली
3. मुकेशपाल पुत्र केहरी
4. मोहित कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह
5. यशपाल पुत्र केहरी
6. राजकुमार पुत्र रामशरण
7. राजीव कुमार पुत्र रामशरण
निवासीगण ग्राम बडौदा
8. रामफल पुत्र अमीचन्द निवासी ग्राम बडौदा हाल नि0 दिल्ली
9. विनोद कुमार वर्मा पुत्र अमीचन्द निवासी बडौदा हाल नि0 दिल्ली
10. शुभम् नाबा0 आयु 15 वर्ष पुत्र विजयपाल सिंह निवासी बडौदा हाल नि0 खतौली
11. श्रीमती रोशनी पत्नी गिरवर सिंह
12. सुरेन्द्र सिंह पुत्र गिरवर सिंह
13. हरिसिंह पुत्र केहरी
निवासीगण बडौदा, परगना व तहसील बुढाना जिला मु0नगर

अर्न्तगत धारा 38 (2) उ0प्र0 रा0 संहिता 2006
मौजा – बडौदा

में दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है, आप बतारीख के जो 29 माह 05 सन् 2026 ई० वरवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमें हालात के करार वाकिफ किया गया हो, और कुछ उमूर तहत मुत्तालिका मुकदमा का जबाब दे सके, या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जबाबदेही दावा करें, और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जबाबदेही की ताईद से इस्तेमाल करना चहाते हो पेश करे, अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर मसमूह फैसला होगा। वरक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 26 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी
बुढाना (मु0नगर)**

## संक्षिप्त समाचार

### चैंबर एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजे गए उद्यमी, संगीत पर थिरकते रहे कदम

**बरेली, एजेंसी।** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की 61वीं वार्षिक आम सभा और चैंबर एक्सीलेंस अवार्ड-2026 का आयोजन रविवार को एक होटल में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने उद्यमियों को औद्योगिक विकास के सुझाव दिए। अध्यक्ष राजीव सिंघल ने व्यापार व उद्योगों की प्रगति के लिए हर संभव प्रयास का वादा किया। सरकारी विभागों के समन्वय से जल्द सेमिनार आयोजन की बात कही, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। पूर्व कोषाध्यक्ष शेखर अग्रवाल ने बीते वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। सचिव अल्पित अग्रवाल ने संस्था की ओर से कराए गए सेमिनार, ऑनलाइन सभाएं, होली-दिवाली समारोह, क्रिकेट मैच, रक्तदान शिविर आदि की जानकारी दी। फिर नवनियुक्त सचिव शरद अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने पदभार संभाला। दोनों पदाधिकारियों ने बेहतर कार्य का भरोसा दिया। विशिष्ट अतिथि देव मूर्ति और आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने संस्था के 60 वर्षों के योगदान को रेखांकित किया। स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। यहां पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, डॉ. केशव अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, अजय शुक्ला, विमल रिवाड़ी व अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

### पांच करोड़ मिले तो 430 रोजगार सेवकों का हो भुगतान

**कानपुर, एजेंसी।** मनरेगा (वीबी जीरामजी) में रोजगार सेवकों को वर्ष 2020-21 से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। पांच करोड से अधिक का बकाया है। कई दूसरा काम करने को मजबूर हैं तो कई को दूसरे रोजगार की तलाश है। इधर मनरेगा के काम अटके पड़े हैं। जिले के 10 विकास खंडों में 430 रोजगार सेवक तैनात हैं। इनको मिलने वाला मानदेय वर्ष 2020-21 से वर्ष 2025-26 तक का भुगतान नहीं किया गया है। आर्थिक तंगी से गुजर रहे रोजगार सेवक समय-समय पर मानदेय का भुगतान किए जाने के लिए आवाज उठाते हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विभाग के आंकड़ों की माने तो इन रोजगार सेवकों का 5,02,24,914 रुपया मानदेय बाकी है। इसमें सबसे अधिक अकबरपुर के 43 रोजगार सेवकों का 70,01,412 रुपये बकाया है। रोजगार सेवकों का कहना है कि मानदेय न मिलने से इनको परिवार के पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में अब दूसरे कामों की तरफ रुख करना मजबूरी हो गया है। केंद्र सरकार ने मनरेगा को वीबी जी रामजी योजना के रूप में परिवर्तित किया है। इसकी नई गाइडलाइन आना अभी बाकी है। फिलहाल अभी मनरेगा योजना ही चल रही है। वर्तमान में योजना के अधिकतर काम बंद हैं। सिर्फ प्रधानमंत्री आवास योजना और तालाबों की खोदाई का काम चल रहा है। एक तरफ जहां रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं मिल रहा है, वहीं मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों का भुगतान अटका हुआ है। इन श्रमिकों से रोजगार सेवक ही कार्य कराते हैं, लेकिन भुगतान मिलने में हो रही हीलाहवाली की वजह से यह योजना में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### दुकान में चोरी करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, नकदी और बाइक बरामद

**कानपुर, एजेंसी।** नगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में चोरी कर भाग रहे एक युवक को व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। इधर घटना की छानबीन में जुटी पुलिस ने मौके से भाग निकले उसके एक साथी को नकदी व चोरी में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरा साथी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। रूरा थानाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने बताया कि शनिवार को रूरा निवासी अनूप कुमार शर्मा ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बताया कि उनकी दुकान से शनिवार दोपहर डेढ़ बजे बाइक सवार तीन चोरों ने गुल्लक से 20 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। भागने के दौरान पड़ोसी व्यापारियों ने एक चोर को पकड़ लिया था जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले थे। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवली थाना क्षेत्र के कढ़री निवासी अखिलेश उर्फ छोटू बताया था। अखिलेश से पूछताछ में मिली जानकारी पर रूरा चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने रविवार को टीम के साथ गदनपुर श्मशान घाट के पास घेराबंदी कर कड़री निवासी सोनू उर्फ भोला को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के दो हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त हुई बाइक बरामद की गई है।

### आगरा स्नातक सीट से भाजपा ने डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह पर फिर जताया भरोसा

**अलीगढ़, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी सूची में अलीगढ़-आगरा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह पर फिर से भरोसा जताते हुए दूसरी बार उम्मीदवार बनाया है। घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल है। भाजपा ने इस बार स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में संगठन और शिक्षाविदों से जुड़े चेहरों पर भरोसा जताया है। आगरा स्नातक सीट के तहत अलीगढ़ समेत कई जिले आते हैं। ऐसे में डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह की उम्मीदवारी को लेकर अलीगढ़ में भी राजनीतिक हलचल तेज हो गई हैं।

## प्रदेश में बिजली कटौती पर सीएम योगी सख्त

# निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश, चलेंगी सभी इकाइयां

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजली कटौती के लेकर सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत को हेल्पलाइन कॉल सेंटर का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिए। वह रविवार को अपने सरकारी आवास पर बिजली व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आमजन को समयबद्ध और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। शिकायत मिलने पर तत्काल निस्तारण किया जाए। यह भी बताएं कि कितने देर में आपूर्ति बहाल होगी। उन्होंने विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को प्राथमिकता देने, ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत करने, तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने भूमिगत केबल वाले स्थलों पर खुदाई से



पूर्व सक्षम प्राधिकारी से विधिवत स्वीकृति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। मुख्यमंत्री ने सभी संभावित स्रोतों से बिजली खरीद और आपूर्ति प्रबंधन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 15 मई से विभिन्न पावर प्लांटों में अलग-अलग कारणों से बिजली उपलब्धता प्रभावित हुई। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 12 राज्यों के साथ पावर बैंकिंग व्यवस्था की गई है।

**फीडरवार जवाबदेही तय करने का निर्देश :** बिजली वितरण व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह तथा उपभोक्ता केंद्रित बनाया जाए। उन्होंने फीडर वाइज जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने, फीडर बाधित होने अथवा शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आंधी-तूफान और अत्यधिक तापमान जैसी परिस्थितियों के बावजूद फील्ड स्तर पर त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखा जाए। इस दौरान बताया गया कि मई माह में आंधी तूफान से 38 सब-स्टेशन और 326 फीडर प्रभावित हुए थे।

**उभोक्ता हितैषी बने स्मार्ट मीटर व्यवस्था :** मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को उपभोक्ता हितैषी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 89.23 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।। जून 2026 से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह की 1 से 10 तारीख के बीच पोस्टपेड आधार पर जारी किए जाएंगे

**13,388 मेगावाट हुई प्रदेश की उत्पादन क्षमता :** बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2026 तक उत्पादन निगम की स्थापित क्षमता में 86 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों से लगभग 10 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन हो रहा है। 60,858 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनें संचालित हैं।

प्रदेश में 715 उपकेंद्रों के माध्यम से 2,05,632 एमवीए क्षमता उपलब्ध है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की उपलब्धता 99.30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि पारेषण हानियां घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई हैं। वर्ष 2022-23 की तुलना में पावर ट्रांसफॉर्मर क्षति में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आई है। पीक डिमांड 29,831 मेगावाट से बढ़कर 30,339 मेगावाट तक पहुंच गया। वर्ष 2015 से 2026 के बीच प्रदेश ने कुल 32,305 मेगावाट की विद्युत क्षमता के लिए टाई-अप किए हैं। वर्ष 2029 तक मांग को पूरा करने के लिए 10,719 मेगावाट अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें विंड, बैटरी एनर्जी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

## सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का ताना गांव में जोरदार स्वागत



**शामली (शिखर समाचार)।** मंगलवार को थाना भवन क्षेत्र के गांव ताना में समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह का पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर फूल-मालाएं पहनाईं और शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चौधरी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया, ताकि पार्टी की नीतियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। स्वागत कार्यक्रम के दौरान ठाकुर शेर सिंह राणा, चौधरी कलीम हसन, चौधरी शमशेर जंग, चौधरी अश्वनी गुर्जर, सतीश चेयरमैन नोजल, बबलू प्रधान, अफसरून मुखिया, अशजद जंग, बोबी चौधरी और अरशद अली चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शनिदेव मंदिर में तोड़ी गई मूर्ति, सीसीटीवी में कैद संदिग्ध, कार्रवाई न होने पर बाजार बंद की चेतावनी

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** पिलखुवा क्षेत्र स्थित शनिदेव मंदिर में मूर्ति खंडित मिलने की घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार सुबह मंदिर पहुंचे पुजारी ने मूर्ति टूटी हुई देख श्रद्धालुओं और पुलिस को सूचना दी। मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध युवक मंदिर के आसपास घूमता दिखाई दिया है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

गांधी कॉलोनी स्थित बस स्टैंड पुलिस चौकी के निकट बने शनिदेव मंदिर के पुजारी पंकज शर्मा ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह करीब छह बजे पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। मंदिर परिसर के बाहर पहुंचते ही उन्होंने देखा कि शनिदेव की मूर्ति खंडित अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को बुलाया गया।

पुलिस ने तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। प्रारंभिक जांच में एक संदिग्ध युवक मंदिर के आसपास घूमता दिखाई दिया है। पुलिस अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है




ताकि आरोपी की पहचान सुनिश्चित की जा सके।

घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी भी मौके पर पहुंचे और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। घटना के बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस लगातार लोगों से संवाद कर स्थिति सामान्य बनाए रखने का प्रयास करती रही।

थाना प्रभारी अतुल चौहान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पिकअप और ऑटो की भिड़ंत में दो घायल, शिक्षा विभाग के अधिकारी ने दिखाई तत्परता



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक पिकअप वाहन और ऑटो की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके से गुजर रहे बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी ने तत्काल मदद करते हुए घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना देकर अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

जानकारी के अनुसार गांव चितौली अंडरपास के पास एक पिकअप वाहन गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ऑटो की उससे टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक राजेन्द्र और एक अन्य सवारी घायल हो गए। घटना के समय कार्यालय जा रहे बेसिक शिक्षा विभाग के एमडीएम प्रभारी एवं डीसी प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रदीप सिंह के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द सामान्य हो गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## औद्योगिक विकास पर मंथन की तैयारी

**बरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने 31 मई को प्रस्तावित औद्योगिक व व्यापारिक संगठनों के युवा प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम रविवार को जारी किया। इसमें प्रदेश के चार सौ प्रतिनिधि भाग लेंगे। सुबह 10:30 से शाम पांच बजे तक पांच सत्रों में प्रशिक्षण होगा। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं संगठन के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने ये जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा उत्तर प्रदेश के युवा प्रांतीय पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। 31 की रात आठ बजे स्पर्श रिसॉर्ट में ट्रेड एसोसिएशन का समागम होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी रहेंगे। पांच व्यापारियों को भामाशाह सम्मान मिलेगा। सत्रवार सशक्त संगठन स्वयं का विकास, युवा शक्ति के पुरुषार्थ व स्वदेशी से ही राष्ट का विकास संभव, ऑनलाइन एप, साइबर सावधानी और डिजिटल दुनिया, क्षणिक लापरवाही तिजोरी में सेंधमारी, व्यापार में उत्तरोत्तर वृद्धि कैसे हो, भारत का औद्योगिक व व्यावसायिक भविष्य विषयों पर मंथन और शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा।

## गंगापुरम और नर्मदापुरम की लागत 17.52 करोड़ बढ़ी, तकनीकी जांच के बाद बोर्ड से मिली मंजूरी

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के इनर रिंग रोड स्थित रायपुर और रहनकलां में विकसित होने वाले ग्रेटर आगरा की गंगापुरम और नर्मदापुरम टाउनशिप की लागत 17.52 करोड़ रुपये बढ़ गई है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तकनीकी जांच के बाद किए गए बदलावों के कारण लागत बढ़ी है। आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।



रायपुर-रहनकलां गांवों में नदियों के नाम पर 10 टाउनशिप बसाई जा रही हैं। इनमें से गंगापुरम (टाउनशिप-3) और नर्मदापुरम (टाउनशिप-7) में सड़क, नाली, सीवर लाइन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और चहारदीवारी आदि का निर्माण कार्य होना है। शुरुआत में कंसल्टेंट कंपनी की ओर से तैयार एस्टीमेट के आधार पर ई-निविदाएं निकाली गई थीं और न्यूनतम बोली लगाने वाली कंपनियों को कार्य आदेश जारी कर दिया गया था।

जब एएमयू के विशेषज्ञों ने डीपीआर की तकनीकी जांच की तो उन्होंने गुणवत्ता में सुधार के लिए कई बदलाव सुझाए। इसमें आरसीसी ड्रेन के सेक्शन में बदलाव, सीवर लाइन के मैनहोल में ईंटों के स्थान पर आरसीसी का इस्तेमाल करने और सड़कों की मोटाई बढ़ाने को कहा गया। इन बदलावों के कारण पूर्व में तैयार एस्टीमेट में संशोधन किया गया और लागत बढ़ गई।

एडीए उपाध्यक्ष एम. अरुनमोली ने बताया कि यदि विकास प्राधिकरणों या अन्य सरकारी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों में स्वीकृत लागत से 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी होती है, तो उसके लिए प्राधिकरण बोर्ड की मंजूरी जरूरी होती है। दोनों टाउनशिप में वृद्धि 13.64त्न और 14.17त्न है, ऐसे में संशोधित एस्टीमेट प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर मंजूरी ले ली गई है।

**75 करोड़ हुई गंगापुरम की लागतः** गंगापुरम के लिए 66.30 करोड़ रुपये की निविदा स्वीकृत हुई थी। नए बदलावों के बाद संशोधित एस्टीमेट 75.35 करोड़ हो गया है। इसमें 9.04 की वृद्धि हुई है। वहीं नर्मदापुरम में पूर्व में स्वीकृत निविदा 59.86 करोड़ की थी। अब संशोधित एस्टीमेट बढ़कर 68.34 करोड़ हो गया है। इसमें 8.48 करोड़ का इजाफा हुआ है। दोनों टाउनशिप के लिए कुल मिलाकर 17.52 करोड़ रुपये बजट बढ़ा है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर ऋण लेने वाले गिरोह का खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बरेली, एजेंसी।** बारादरी थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंकों से कार लोन लेने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चार लग्जरी कारों के साथ ही फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस मामले में बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आई है, जांच में उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। थाना बारादरी के प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को रात में सूचना मिली कि 99 बीघा मैदान पर फर्जी ऋण से खरीदी गई गाड़ियां बेचने की तैयारी है। पुलिस टीम ने मोहम्मद शमी उर्फ शेरा और उसके बेटे मोहम्मद सैराब को मौके से गिरफ्तार किया। मौके चार महंगी गाड़ियां मिलीं।

आरोपियों के पास से फर्जी आय प्रमाणपत्र और निवास प्रमाणपत्र भी बरामद हुए। पूछताछ में सैराब ने बताया कि वह अपने पिता और बैंक कर्मचारी रविंद्र कुमार निश्छल के साथ मिलकर काम करते थे। वे फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंकों से कार लोन पास कराते थे। आरोपियों ने अब तक सात गाड़ियां फर्जी तरीके से खरीदी थीं। इनमें से कई गाड़ियां दूसरे राज्यों में बेची जा चुकी हैं।

**बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहा था खेल :** पुलिस जांच में बैंक कर्मचारी रविंद्र कुमार निश्छल का नाम सामने आया है। वह आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी आय और निवास प्रमाणपत्र तैयार करने में मदद करता था। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंकों से कार लोन आसानी से मिल जाता था।

**नेटवर्क की जांच तेज :** एएसपी शिवम आशुतोष ने बताया कि पुलिस को शहर में फर्जी लोन पर एक बड़े नेटवर्क के सक्रिय होने का पता चला है। यह गिरोह महंगी गाड़ियां और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फाइनेंस पर लेता था। फिर उन्हें कम कीमत में बेच देता और किस्त जमा नहीं करता था। इससे बैंक और फाइनेंस कंपनियों को करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े आरोपियों और बैंक कर्मचारियों की तलाश कर रही है।

## विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर वायरल, प्राथमिकी दर्ज

**दादरी (शिखर समाचार)।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर कलां गांव की एक विवाहिता के अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर वायरल करने तथा मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जारचा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि सलारपुर कलां निवासी नेहा शर्मा की शादी 30 जून 2020 को दादरी के ब्रह्मपुरी मोहल्ला निवासी ऋषभ मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने वर्ष 2023 में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए आरोपी पति आए दिन गाली-गलौज और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करता था। इतना ही नहीं, पीड़िता के पिता और भाई को फोन कर अभद्रता तथा अश्लील बातें भी कही जाती थीं।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके अश्लील फोटो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। विरोध करने पर आरोपी द्वारा मुकदमा वापस लेने, बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता ने जारचा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी ऋषभ मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाल मन को समझना ही श्रेष्ठ शिक्षण की पहचान : शिव कुमार शर्मा

**शामली (शिखर समाचार)।** सरस्वती शिशु मंदिर बुढाना रोड शामली में आयोजित नवीन आचार्य वर्ग के तृतीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं अग्निहोत्र के साथ श्रद्धापूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन, ममता शर्मा, संचालन टोली सहित बड़ी संख्या में बहनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में अमिता दीदी ने अग्निहोत्र संपन्न कराते हुए उसके आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान भैया-बहनों द्वारा "हंस किसका" नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

प्रथम सत्र में ममता शर्मा ने "शिशु वाटिका का अवलोकन" विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि खेल-खेल में बच्चों को सरल, सहज और रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान की जा सकती है। द्वितीय सत्र में शिव कुमार शर्मा ने "बाल मनोविज्ञान" विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बच्चों के व्यवहार, भावनाओं और सीखने की प्रक्रिया को समझे बिना प्रभावी शिक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बाल मन को समझना ही श्रेष्ठ शिक्षण की पहचान है।

रीता अग्रवाल ने शिक्षण सामग्री निर्माण पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि ब्रजेश ने शैक्षिक खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना विकसित करते हैं।

कार्यक्रम में लगभग 110 बहनों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण ज्ञानवर्धक, अनुशासित और उत्साहपूर्ण बना रहा।

# एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, हादसों में होने वाली मृत्यु दर को कम करने तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक बनाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि कानूनी और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। जनपद में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध स्टैंड, अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर उनमें अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। अवैध कटों को बंद करने तथा सड़क सुरक्षा संकेतकों को बेहतर बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। एडीएम प्रशासन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए केवल प्रवर्तन कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक इकाइयों



तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा तथा ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके। बैठक में हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए एडीएम प्रशासन ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार गठित समिति के माध्यम से सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समयबद्ध तरीके से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में पीएम राहत (कैशलेस उपचार) योजना की विशेष रूप से समीक्षा की गई। एडीएम प्रशासन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए शुरुआती ह्गोल्डन ऑवरह सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि दुर्घटना पीड़ित को समय रहते तत्काल उपचार मिल जाए तो अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना-2025 के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सूचीबद्ध अस्पतालों में अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का निशुल्क कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद तत्काल उपचार सुनिश्चित कर मृत्यु दर को कम करना है। एडीएम प्रशासन ने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र दुर्घटना पीड़ित तक पहुंचे, इसके लिए अस्पतालों, ट्रॉमा सेंटरों, एंबुलेंस सेवाओं, पेट्रोल पंपों तथा सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता संबंधी होर्डिंग, पोस्टर एवं सूचना बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही सोशल मीडिया, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा विशेष जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को तत्काल राहत एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक के दौरान एडीएम प्रशासन ने प्राधिकरणों, लोक निर्माण विभाग तथा सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की प्रमुख सड़कों एवं यातायात प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करते हुए होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाएं, जिससे यातायात के सुचारू संचालन में सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि चिन्हित स्थलों का विस्तृत प्रस्ताव एवं रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि यातायात व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सके तथा जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## डीआईजी मेरठ रेंज ने किया थाना इंचौली का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा

**मेरठ (शिखर समाचार)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने मंगलवार को जनपद मेरठ के थाना इंचौली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिजीत कुमार तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बजरंग प्रसाद सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, बैरक, भोजनालय, मालखाना, बंदी गृह, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक कक्ष, सीसीटीएनएस, आईजीआरएस, साइबर हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीआईजी ने सहायक पुलिस अधीक्षक बजरंग प्रसाद के थाना प्रभारी के रूप में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने थाने के उच्चीकरण और पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए किए गए प्रयासों को प्रशंसनीय बताया। लंबित विवेचनाओं की विवेचकवार समीक्षा करते हुए डीआईजी ने समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। वर्तमान में थाने में 60 विवेचनाएं लंबित हैं। विवेचनाओं के संतोषजनक निस्तारण पर थाना प्रभारी की प्रशंसा भी की गई। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रहरियों और बीट आरक्षियों से संवाद कर उन्हें गांव और मोहल्लों में होने वाली गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने तथा छोटी से छोटी सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बीट पुलिस और ग्राम प्रहरियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

यक्ष ऐप, ई सम्मन और ई साक्ष्य ऐप पर फीडिंग और तामीला कार्यवाही की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी लिए। यक्ष ऐप पर उत्कृष्ट फीडिंग और बीट संबंधी जानकारी रखने पर आरक्षी अंकुर शर्मा को पुरस्कृत किया गया। हाल ही में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे नवागत आरक्षियों से संवाद करते हुए डीआईजी ने उन्हें अनुशासन में रहकर लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने की सीख दी। बकरीद पर्व को लेकर डीआईजी ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यालय, एडिशनल और क्षेत्राधिकारी स्तर पर क्यूआरटी और रिजर्व टीम तैयार रखने, मिश्रित और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने तथा एंटी राइट उपकरण तैयार रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली मजबूत करने, एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय बनाने, महिला संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करने, भूमि विवादों पर त्वरित कार्रवाई करने और समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## लापरवाही पर सख्त दिखे डीएम आलोक यादव, ट्रांजिट हॉस्टल में विभागीय व्यवस्थाओं की परखी हकीकत





**शामली (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी आलोक यादव मंगलवार को बनत स्थित ट्रांजिट हॉस्टल पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने डूडा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई और संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लंबित आवेदनों की जानकारी ली। नगर पंचायत गढ़ीपुख्ता में सबसे अधिक आवेदन लंबित मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तिथिवार जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों का पुनः सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वन स्टॉप सेंटर और बाल कल्याण समिति कक्ष का निरीक्षण कर वहां महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण, कार्यालयों में साफ-सफाई बनाए रखने और जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर डीएम आलोक यादव तथा डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।


## नकली आईएसआई मार्क लगे हेलमेट बनाने वाली इकाई पर भारतीय मानक ब्यूरो की छापेमारी, 300 से अधिक हेलमेट जब्त

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) गाज़ियाबाद शाखा कार्यालय की टीम ने मंगलवार को लोनी स्थित एक निजी फर्म पर नकली आईएसआई मार्क लगे हेलमेट निर्माण के मामले में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के उल्लंघन की सूचना मिलने पर प्रवर्तन अभियान के तहत की गई। बीआईएस अधिकारियों ने बताया कि दिनांक 26 मई 2026 को दोपहर में लोनी क्षेत्र स्थित उक्त निर्माण इकाई पर तलाशी एवं जब्ती (सर्च एंड सीजर) अभियान चलाया गया। कार्रवाई बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा-28 के अंतर्गत की गई, जिसमें उप निदेशक राजेन्द्र कुमार पलसानिया, उप निदेशक प्रशांत यादव, सहायक निदेशक राज



कुमार सहित गाज़ियाबाद शाखा कार्यालय की टीम शामिल रही। तलाशी के दौरान निर्माण इकाई में भारतीय मानक ब्यूरो के मानक चिन्ह (आईएसआई मार्क) के दुरुपयोग का मामला सामने आया। टीम ने विभिन्न ब्रांड नामों से चिह्नित 300 से अधिक हेलमेट जब्त किए। गाज़ियाबाद शाखा कार्यालय की प्रमुख जी. भवानी ने बताया कि संबंधित फर्म के खिलाफ बीआईएस अधिनियम, 2016 के अंतर्गत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिनियम की धारा-29 के अनुसार प्रथम उल्लंघन की स्थिति में यह अपराध दो वर्ष तक के कारावास अथवा न्यूनतम दो लाख रुपये के जुमार्ने से दंडनीय है। जुमार्ने की राशि संबंधित वस्तुओं के मूल्य के दस गुना तक बढ़ाई जा सकती है अथवा दोनों दंड एक साथ भी दिए जा सकते हैं। बीआईएस ने आम जनता से अपील की है कि वे आईएसआई मार्क वाले उत्पाद खरीदने से पहले उनकी प्रामाणिकता बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से अवश्य जांचें। यदि कहीं आईएसआई मार्क के दुरुपयोग की जानकारी मिले तो इसकी सूचना भारतीय मानक ब्यूरो, गाज़ियाबाद शाखा कार्यालय, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में दें। शिकायत ई-मेल gzbo@bis.gov.in अथवा BIS CARE ऐप के माध्यम से भी दर्ज कराई जा सकती है। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## तेंदुए का आतंक : कुत्ते को बनाया निवाला, दहशत में ग्रामीण ; वन विभाग पर लापरवाही के आरोप



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में तेंदुए की लगातार बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। नवादा गांव में सोमवार देर रात तेंदुआ खेतों से निकलकर चकमार्ग पर पहुंच गया और एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है, जबकि ग्रामीण वन विभाग पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे हैं। तेंदुए का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में दहशत और बढ़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ते के चीखने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन लोगों की आहट मिलते ही तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। फार्म हाउस पर कार्यरत गुलशन, बब्बू और वीरेन्द्र ने बताया कि पिछले करीब एक सप्ताह से तेंदुआ आसपास के क्षेत्र में घूमता दिखाई दे रहा है, जिससे खेतों और जंगल की ओर जाने वाले लोगों में डर बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल क्षेत्र में कांबिंग अभियान चलाया, लेकिन तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका। वन क्षेत्राधिकारी करन सिंह ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए के दिखने की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं और विभाग की टीमें निगरानी व गश्त कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए को जल्द पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, क्योंकि उसकी मौजूदगी लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सिम्भावली क्षेत्र के धनपुरा और बुकलाना के जंगलों में तेंदुए के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक घटना में बाइक सवार दंपती पर तेंदुए ने झपट्टा मारा था, जबकि खेतों से लौट रहे किसानों पर भी हमला किया गया था। लगातार सामने आ रही घटनाओं से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है।

## आग का तांडव : इन्वर्टर-बैटरी की दुकान में भीषण आग, स्थानीय लोगों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर चौपला स्थित एक इन्वर्टर-बैटरी की दुकान में सोमवार देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। समय रहते स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा आसपास की कई दुकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

जानकारी के अनुसार कुचेसर चौपला स्थित राज बैटरी इन्वर्टर दुकान से देर रात धुआं निकलता दिखाई दिया। उस समय दुकान बंद थी और संचालक हरिओम त्यागी तथा संदीप त्यागी उर्फ राजू अपने गांव माधापुर जा चुके थे। राहगीरों ने दुकान से धुआं उठता देख तत्काल दुकान मालिकों और स्थानीय लोगों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही आसपास के व्यापारी और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तुरंत दुकान का शटर खुलवाया और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कुछ देर और हो जाती तो आग विकराल रूप धारण कर आसपास की दुकानों तक फैल सकती थी।

घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। आग से दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे दुकानदार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

# गीता यूनिवर्सिटी में 29 मई को होगा मेधावी छात्र सम्मान समारोह

**शामली (शिखर समाचार)।** गीता यूनिवर्सिटी, गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई 2026 को गीता यूनिवर्सिटी पानीपत परिसर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में शामली जनपद के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। मंगलवार को शामली में आयोजित पत्रकार वार्ता में गीता यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जसकरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के सभी पात्र विद्यार्थी समारोह में भाग ले सकेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 31 हजार रुपये, 90 से 94.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को 21 हजार रुपये तथा 75 से 89.99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपये के पुरस्कार वाउचर प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा समारोह में भाग्यशाली ड्रॉ का भी आयोजन होगा, जिसमें विद्यार्थी मोबाइल फोन



एवं स्मार्ट घड़ी जीत सकेंगे।

डॉ. जसकरण सिंह ने बताया कि समारोह के दौरान विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा गीता यूनिवर्सिटी में संचालित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करता रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक शामली अमित पारचा एवं राहुल सिंह भी मौजूद रहे।

# कथित गौशाला की जांच की मांग को लेकर हिन्दू रक्षा दल ने सौंपा ज्ञापन

**शामली (शिखर समाचार)।** हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते हुए गांव बलवा स्थित एक कथित गौशाला की जांच कर कार्रवाई की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि गांव बलवा बाईपास रोड पर संचालित कथित गौशाला के नाम पर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की जा रही है तथा गौवंशों की तस्करी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन में कहा गया कि गोवर्धन उर्फ गौतम आर्य, सुशील, अमित एवं श्रीपाल वर्ष 2001-02 से गौशाला के नाम पर दान और चंदा एकत्र कर अवैध संपत्ति बना रहे हैं। आरोप है कि गौवंशों को अमानक तरीके से रखा जाता है तथा उनका सही



रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है।

संगठन ने दावा किया कि विभिन्न विभागीय जांचों में भी गौशाला के पंजीकरण एवं अभिलेखों में अनियमितताएं सामने आई हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंश रखे गए थे, जिनमें से कुछ गौवंशों को पूर्व में गौ संरक्षण केंद्र भेजा जा चुका है। साथ ही बिजली चोरी एवं सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए हैं।

हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से कथित अवैध संपत्ति की जांच कर कार्रवाई करने, फर्जी गौशाला संचालन बंद कराने तथा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

## किशोर हत्या कांड में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे नेता

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर क्षेत्र के गांव बनवारीबास में हुई नाबालिग किशोर की हत्या का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित परिवार से मिलने विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान संगठनों तथा सामाजिक संगठनों के नेता लगातार पहुंच रहे हैं और परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दे रहे हैं। वहीं पीड़ित परिवार ने भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि जांच में कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



जानकारी के अनुसार गांव बनवारीबास निवासी 14 वर्षीय किशोर गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार देर रात गांव के पास बने एक कमरे में किशोर का शव बरामद हुआ। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने किशोर के साथ कुकर्म के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। घटना के लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों और परिजनों में रोष बना हुआ है। इसी बीच समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी समेत कई किसान संगठनों के प्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। जेवर नगर पंचायत अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी ने भी परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। परिवार का आरोप है कि मामले में प्रभावशाली लोगों का संरक्षण मिलने के कारण कार्रवाई में देरी हो रही है। वहीं पुलिस की कई टीमें बुलंदशहर, खुर्जा, अलीगढ़ तथा हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर गांव से फरार चल रहे संदिग्ध लोगों की तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच तेजी से चल रही है और जल्द ही पूरे मामले का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र की मौत, महिला गंभीर घायल

**रबूपुरा (शिखर समाचार)।** क्षेत्र के गांव चचूरा के पास मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार अलीगढ़ जिले के गांव मानपुर निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी देवेंद्री और बेटे अंकित के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर ग्रेटर नोएडा के गांव घोड़ी बझेड़ा से रिश्तेदार की तेरहवीं से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब उनकी बाइक गांव सुबरा और चचूरा के बीच नहर पटरी मार्ग पर पहुंची, तभी ओवरटेक करते समय बाइक आगे चल रहे डंपर से पीछे से टकरा गई। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ककोड़ के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश (51) और अंकित (22) को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल देवेंद्री (47) को बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से तमंचा, कारतूस व वैगनआर कार बरामद

**दादरी (शिखर समाचार)।** दादरी कोतवाली क्षेत्र में पेरीफेरल एक्सप्रेसवे स्थित चिटहेरा गांव नहर पुल के समीप पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के बाद वैगनआर कार सवार एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की गई है। फरार बदमाशों की तलाश में पुलिस कांबिंग कर रही है। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि अमरोहा जनपद के बदौनिया गांव निवासी अनुज कुमार मथुरा जनपद में आरक्षी पद पर तैनात हैं। बीती 20 मई को वह नोएडा सेक्टर-62 से जोया जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान वैगनआर कार में सवार तीन लोगों ने उन्हें बैठा लिया। आरोप है कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के बोड़की गांव के समीप आरोपितों ने उनके साथ मारपीट कर लूटपाट की और कार से धक्का देकर फरार हो गए। घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई थी। मंगलवार देर रात पुलिस पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास चिटहेरा गांव नहर पुल पर जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वैगनआर कार आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर कार चालक रंजीत कुमार ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें रंजीत कुमार के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। मौके का फायदा उठाकर कार में सवार उसके दो साथी अंधेरे में फरार हो गए। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली। फरार बदमाशों की तलाश में लगातार कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## बकरा चोरी और कुंडल लूट का खुलासा, तीन नाबालिग समेत चार आरोपी दबोचे



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** थाना धौलाना पुलिस ने बकरा चोरी और महिला से सोने के कुंडल लूटने की वारदात का खुलासा करते हुए तीन नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो बकरे, सोने का कुंडल, एक बाइक, एक एक्टिवा, तमंचे, कारतूस और चाकू बरामद किए हैं। सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया कि 22 मई को पिपलेड़ा गांव में एक महिला से सोने के कुंडल लूट लिए गए थे, जबकि ईद के लिए खरीदे गए दो बकरे भी चोरी कर लिए गए थे। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगातार जांच कर रही थी। चेकिंग के दौरान रावली नहर पुल के पास से तीन नाबालिगों और बुलंदशहर निवासी अरमान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अरमान पर चोरी, लूट, अवैध हथियार रखने और हत्या के प्रयास सहित 17 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसने पूछताछ में बताया कि वह आर्थिक लाभ के लिए बकरियां चोरी कर बेच देता था और सुनसान रास्तों पर महिलाओं को निशाना बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गांजा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद

**दादरी (शिखर समाचार)।** कोतवाली दादरी पुलिस ने रेलवे रोड स्थित श्मशान घाट के समीप जांच अभियान के दौरान एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सवा किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम रेलवे रोड स्थित श्मशान घाट के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान गौतमपुरी मोहल्ला निवासी सोनू उर्फ डोंटा प्लास्टिक का थैला लेकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को संदिग्ध प्रतीत होने पर उसकी तलाशी ली गई तो थैले से सवा किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी गांजे के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई, जहां उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई।

